प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

"आज के मुख्य समाचार"

- राष्ट्र आज मना रहा है विजय दिवस–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर सैनिकों को किया स्मरण।
- चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत आज हमीरपुर में मैगा वाकथॉन का आयोजन– ।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली के द्वारका स्थित हिमाचल निकेतन भवन का निर्माण कार्य 6 माह के भीतर पूरा करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।
- मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत प्रदेश के हजारों बीपीएल परिवार की बेटियां हो रही हैं लाभान्वित।
- शिमला के रिज मैदान पर सरस मेले का आयोजन–मेले में लगाए गए हैं एक सौ से अधिक स्टॉल।

विजय दिवस

राष्ट्र आज विजय दिवस मना रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर सैनिकों को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि सैनिकों के शौर्य और बलिदान ने 1971 में भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाई। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दिन युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय की याद दिलाता है। हर वर्ष इस दिन, देश उन वीर योद्धाओं के सर्वोच्च बलिदान को याद करता है जिनकी कहानियां राष्ट्रीय गौरव का स्रोत बनी हुई हैं।

वॉकथॉन

राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में एंटी चिट्टा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जन जागरूकता बढ़ाने और नशीले पदार्थों की बिक्री एवं आपूर्ति पर प्रतिबंध लगाने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। प्रदेश सहित जिला की ग्राम पंचायतों में नशा निवारण समितियों का गठन भी किया गया है। इसी कड़ी में आज हमीरपुर में मैगा वॉकथॉन का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अगुआई में ये मैगा वॉकथॉन आयोजित की जाएगी। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे हमीरपुर जिला संवाददाता।

प्रदेश सरकार के चिट्टा विरोधी अभियान के तहत आज हमीरपुर में हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित किए जाने वाले मेगा वाकथॉन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के आगमन के साथ ही प्रतिभागियों को चिट्टा का विरोध करने की शपथ दिलाई जाएगी और पद यात्रा शुरू हो जाएगी।

पदयात्रा के दौरान हमीरपुर शहर में यातायात पूरी तरह रोक दिया जाएगा केवल एंबुलेंस और इमरजेंसी वाहनों को ही एंट्री की अनुमति होगी आकाशवाणी के लिए हमीरपुर से मैं हरीश नंदा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कल नई दिल्ली के द्वारका स्थित हिमाचल निकेतन का दौरा कर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन उपचार, शिक्षा व अन्य कार्यों से दिल्ली आने वाले हिमाचल प्रदेश के लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा।

मुख्यमंत्री शगुन योजना

प्रदेश सरकार गरीब और कमजोर वर्गों के कल्याण को लेकर लगातार योजनाएं चला रही है, जिनमें मुख्यमंत्री शगुन योजना एक अहम पहल है। इस योजना के तहत बीपीएल परिवारों की बेटियों की शादी पर 31 हजार रूपए की आर्थिक सहायता शगुन के रूप में दी जा रही है। इस योजना से प्रदेश के हजारों परिवारों को लाभ मिल रहा है। मंडी जिला के सरकाघाट क्षेत्र में यह योजना खासतौर पर प्रभावी साबित हो रही है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता।

प्रदेश सरकार गरीब और कमजोर वर्गों के कल्याण को लेकर लगातार योजनाएं लागू कर रही है, जिनमें मुख्यमंत्री शगुन योजना एक अहम पहल बनकर सामने आई है। इस योजना के तहत बीपीएल परिवारों की बेटियों की शादी पर 31 हजार रुपये की आर्थिक सहायता शगुन के रूप में दी जा रही है, ताकि बेटियों के विवाह के समय परिवारों पर आर्थिक दबाव कम हो और वे सम्मान के साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभा सकें। पूरे प्रदेश में इस योजना से हजारों परिवारों को लाभ मिल रहा है। आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से पात्र लाभार्थियों तक सहायता राशि पहुंचाई जा रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के जरिए भी योजना की जानकारी घर–घर तक पहुंच रही है, जिससे जरूरतमंद परिवार समय रहते इसका लाभ ले पा रहे हैं।

लोकसभा – विकसित भारत विधेयक

लोकसभा में कल विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक 2025 पेश किया गया। इसे आगे की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति–जेपीसी को भेज दिया गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस विधेयक को पेश किया। हालांकि, विपक्षी दलों ने विधेयक पेश करने का विरोध किया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कार्य सलाहकार समिति की बैठक में कई सांसदों ने विधेयक पर व्यापक विचार–विमर्श पर जोर दिया था। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यापक विचार–विमर्श के लिए विधेयक को जेपीसी को भेजने का प्रस्ताव रखा है। रिजिजू ने अध्यक्ष से समिति के गठन के लिए सदस्यों की नियुक्ति का अनुरोध किया। विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक का उद्देश्य विश्वविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों को शिक्षण, अधिगम, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना है।

सरस मेला

प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से इन दिनों शिमला के रिज मैदान पर सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं को अपने स्वदेशी उत्पादों को बेचने और आर्थिक रूप में आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। 20 दिसंबर तक चलने वाले इस मेले में सौ से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां महिलाएं पारंपरिक व्यंजन, हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पाद के ज़रिए अपने हुनर को प्रदर्शित कर रही हैं।

शिमला में रिज पर मैंने अपना स्टॉल लगाया हुआ है इससे पहले जितना भी हमारे लेडिस थे अपने जो प्रोडक्ट जो अपना गांव तक सीमित होते हैं। आज देखो लेडिस इतना आगे बढ़ चुके हैं कि अपना प्रोडक्ट लेकर दिल्ली और मुंबई तक अपना हिमाचल छोड़कर बाहर भी जाते है। लेडिस अपना प्रोडक्ट लेकर मैं बहुत खुश हूं आज हमारे लेडिस को आजादी मिला है।

———————

इसमें जो है वह वुमन एंपावरमेंट को बढ़ावा मिल रहा है अभी तक जो महिलाएं हैं वह घरों तक ही सीमित थी अब उन्हें अपने हुनर को प्रदर्शित करने का मौका मिल रहा है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। राज्य में लंबे समय से वर्षा न होने से फलों और फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है वहीं जंगलों में आगजनी की घटनाएं बढ़ रही हैं। चंबा के मुख्य अरण्यपाल राकेश कुमार ने बताया कि बारिश न होने पर कुछ शरारती तत्वों द्वारा जंगलों में आग लगाई जा रही है जिससे वन संपदा को नुकसान हो रहा है। उन्होंने लोगों से ऐसा न करने की अपील की है।

चम्बा के मुख्य वन अरण्यपाल राकेश कुमार के अनुसार बारिश न होने पर अब शरारती तत्वों ने जंगलों को आग के हवाले करना शुरू कर दिया है। कई लोग अपनी घासनियाँ जलाते हैं ओर वे आग भी साथ लगते जंगल तक पहुँच जाती है जिससे काफी नुकसान होता है। उनकी लोगों से अपील है कि जंगल में आग न लगाएँ। इसकी निगरानी के लिए फील्ड स्टाफ को भी निर्देश दिए गए हैं। वहीं अगर ऐसा करता कोई पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने कल से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई है। इसके चलते 20 और 21 दिसंबर को उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से

अमर उजाला की सुर्खी है शिपकी–ला के रास्ते चीन के साथ जून से होगा व्यापार–विदेश मंत्रालय ने दी सैद्धांतिक मंजूरी, तहसीलदार पूह में करेंगे पंजीकरण, सत्यापित व्यापारियों को ही मिलेंगे पास।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है नालागढ़ में 50 हजार की रिश्वत लेते फोरेस्ट गार्ड रंगे हाथ गिरफ्तार।

हिमाचल प्रदेश में क्रिप्टो करेंसी ठगी मामले पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है पुलिस कर्मियों, सरकारी अफसरों ने गंवाए लाखों, अब तक 23 सौ करोड़ रूपए की ठगी।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ''

- राष्ट्र आज मना रहा है विजय दिवस–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर सैनिकों को किया स्मरण।
- चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत आज हमीरपुर में मैगा वाकथॉन का आयोजन– ।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली के द्वाराका स्थित हिमाचल निकेतन भवन का निर्माण कार्य 6 माह के भीतर पूरा करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।
- मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत प्रदेश के हजारों बीपीएल परिवार की बेटियां हो रही हैं लाभान्वित।
- शिमला के रिज मैदान पर सरस मेले का आयोजन–मेले में लगाए गए हैं एक सौ से अधिक स्टॉल।